कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 13.04.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर श्री राजेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक सहभागिता निभाने के लिए तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने की मंशा से पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में भय मुक्त मतदान का संदेश देने हेतु रूट मार्च निकाला गया ।

श्री आलोक श्रीवास्तव पुलिस उपायुक्त पूर्व व श्री राजेश कुमार यादव, पुलिस उपायुक्त पश्चिम के सुपरविजन में समस्त अतिरिक्त पुलिस उपायुक्तगण, समस्त वृत सहायक पुलिस आयुक्तगण तथा समस्त थानाधिकारीगण, रिजर्व पुलिस लाईन का जाब्ता, क्यूआरटी ईस्ट व क्यूआरटी वेस्ट टीम आदि का संयुक्त रूप से आगामी लोकसभा चुनाव 2024 हेतु आयुक्तालय जोधपुर पुलिस द्वारा रूट मार्च निकाला गया।

आज दिनांक 13.04.2024 को वक्त 11.00 ए.एम. पर पुलिस द्वारा रूटमार्च को पुलिस लाईन से शुरू कर – ताराचन्द सर्किल – पावटा चौराहा – पावटा बी रोड–जालम निवास–बीजेएस रोड–आरटीओ रोड–पावटा सी रोड–सन्डे सोप्टी कट–पावट बी रोड–पावटा चौराहा–सर्किट हाउस–रातानाडा चौराहा –भाटी चौराहा– पाँचबत्ती चौराहा–रिक्तिया भैरूजी चौराहा–अमृतादेवी पार्क तिराहा–कृषि मण्डी मोड बासनी–रामेश्वर नगर कट–मधुवन चौराहा–मधुवन मोड –अमृतादेवी पार्क तिराहा–दाउजी की होटल–एम्स हॉस्पीटल–नहर तिराहा–अणदाराम स्कूल–चाँदविलास नमकीन–सेन्ट्रल अकेडमी चौराहा–प्रथम पुलिया–आखलिया चौराहा–सुरसागर–किला रोड (घोडा घाटी)–बालसमन्द तिराहा–कृषि मण्डी चौराहा मण्डोर–भदवासिया अण्डरब्रिज–फुलेराव पार्क तिराहा–महामन्दिर चौराहा – पावटा चौराहा से होते हुए रिजर्व पुलिस लाईन पर पहुंच रूट मार्च का समापन किया गया।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष, भय मुक्त पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रूप से चुनाव संपन्न कराए जाने एवं चुनाव आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने हेतु रूट मार्च निकालकर आमजन नागरिक को जागरूक किया।

शांतिपूर्वक एवं निर्भय होकर अपने मत का प्रयोग करें यदि कोई मत देने के लिए प्रलोभन या किसी प्रकार की धमकी देता है तो शीघ्र ही पुलिस को सूचित करें।

प्रभारी
पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।

13-Apr-24

13-Apr-24